# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

## विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 16.02.2023 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 16.02.2023 को प्रातः 10:00 बजे प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में कुलसचिव ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रहीः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 पी.के. बाजपेयी | सदस्य |
| 3. | प्रो0 प्रवीण कुमार मिश्रा | सदस्य |
| 4. | प्रो0 ए.एस. रणदिवे | सदस्य |
| 5. | प्रो0 अशोक कुमार मिश्रा | सदस्य |
| 6. | प्रो0 एम.एन. त्रिपाठी | सदस्य |
| 7. | प्रो0 शरद चन्द्र श्रीवास्तव | सदस्य |
| 8. | प्रो0 सीमा राय | सदस्य |
| 9. | डॉ0 राजेन्द्र मेहता | सदस्य |
| 10. | प्रो0 सी.एस. वझलवार | सदस्य |
| 11. | प्रो0 ब्रजेश तिवारी | सदस्य |
| 12. | प्रो0 एस.सी. तिवारी | सदस्य |
| 13. | प्रो0 एम.के. सिंह | सदस्य |
| 14. | डॉ0 बुद्धेश्वर प्रसाद सिंगरौल | सदस्य |
| 15. | डॉ0 एस.के. प्रजापति | सदस्य |
| 16. | डॉ0 बी.आर. रावटे | सदस्य |
| 17. | प्रो0 मनीष श्रीवास्तव, कुलसचिव (कार्यवाहक) | सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय के विकास कार्यो में सभी की सकारात्मक सहभागिता की सराहना की। उन्होंने कहा कि यदि आप दूसरों से अलग दिखना चाहते हैं, तो कुछ नया करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय लगातार प्रगति कर रहा है, क्योंकि आप सभी टीम भावना के साथ मेरा सहयोग कर रहे हैं। तदोपरान्त निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरांत निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

**विषय क्र.01** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 06.02.2023 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 06.02.2023 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

**विषय क्र. 02** **विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 06.02.2023 के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने स्थायी समिति की बैठक दिनांक 06.02.2023 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की।

**विषय क्र. 03** **पीएच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश हेतु जारी किये जाने वाले प्रवेश विज्ञापन प्रारूप पर विचार।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने पीएच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश हेतु जारी किये जाने वाले प्रवेश विज्ञापन प्रारूप को सदस्यों द्वारा सुझाये गये संशोधनों के साथ अनुमोदित किया।

समिति ने यह भी निर्णय लिया कि विज्ञापन की सूचना एवं प्रचार–प्रसार व्यापक रूप से किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

**विषय क्र. 04** **विश्वविद्यालय में संचालित स्नातक स्तर प्रोग्राम में प्रवेश परीक्षा CUET सत्र 2023–24 के प्रवेश हेतु प्रवेश सूचना का विज्ञापन विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशन कराये जाने पर विचार।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय में संचालित स्नातक स्तर प्रोग्राम में प्रवेश परीक्षा CUET सत्र 2023–24 के प्रवेश हेतु प्रवेश सूचना का विज्ञापन विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशन कराये जाने का अनुमोदन किया जाय।

**विषय क्र. 05** **शोध ग्रंथ मूल्यांकन के रिपोर्ट/प्रतिवेदन का ई–मेल के माध्यम से प्राप्त रिपोर्ट/ प्रतिवेदन के संबंध में विचार।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि शोध ग्रंथ मूल्यांकन के रिपोर्ट/प्रतिवेदन का ई–मेल के माध्यम से प्राप्त रिपोर्ट/प्रतिवेदन की प्रस्तावित प्रक्रिया का अनुमोदन किया जाय।

**विषय क्र. 06** **आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ समिति की बैठक दिनांक 09.02.2023 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ समिति की बैठक दिनांक 09.02.2023 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाय।

**विषय क्र. 07** **शिक्षकों द्वारा ऑन लाईन/ऑफ लाईन FDP/Orientation/STP/Industrial Training आदि के कार्येत्तर अनुमोदन पर विचार**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि शिक्षकों द्वारा ऑन लाईन/ऑफ लाईन FDP/Orientation/STP/Industrial Training आदि के कार्येत्तर अनुमोदन के प्रकरण को स्थगित किया जाय।

**विषय क्र. 08** **विश्वविद्यालय के कार्यरत् शिक्षकों/अधिकारियों/शोधार्थियों हेतु ट्रेव्हल ग्रांट के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदाय करने हेतु समिति द्वारा प्रस्तुत गाईड लाईन के अनुमोदन पर विचार।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय के कार्यरत् शिक्षकों/अधिकारियों/शोधार्थियों हेतु ट्रेव्हल ग्रांट के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदाय करने हेतु समिति द्वारा प्रस्तुत गाईड लाईन को सदस्यों द्वारा सुझाये गये संशोधनों के साथ अनुमोदित किया जाय।

**विषय क्र. 09** **मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग से प्राप्त एक क्रेडिक पाठ्यक्रम प्रस्ताव पर विचार।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि एक क्रेडिट पाठ्यक्रम के स्थान पर दो क्रेडिट पाठ्यक्रम किया जाय। उक्त संशोधन के साथ प्रस्ताव अनुमोदित किया जाय।

उपस्थित सदस्यों एवं अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

16/02/23 | 16/02/2023

**कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव** | **कुलपति/अध्यक्ष**